पत्रांक–भवन / बजट–46–विविध–19 / 2020–21....... 3169 (अ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग।

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांकः– 02/4/26

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 में आवंटन हेतु अधियाचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाएँ हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतिम समय में प्राप्त अधियाचना के विरूद्ध कुछ योजना में पूर्ण अधियाचित राशि एवं कुछ योजना में आंशिक राशि आवंटित की गयी थी। साथ ही कुछ योजनाओं से संबंधित शीर्ष में राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण राशि का आवंटन नहीं किया गया है। आवंटित की गयी राशि के विरूद्ध भी कुछ योजनाओं में तकनीकी कारणों से राशि का भुगतान नहीं हो सका है। उक्त स्थिति में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आवंटित राशि के विरूद्ध कितना राशि का भुगतान हुआ है एवं कितनी राशि लंबित है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि पूर्व वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न योजनाओं के विरूद्ध आपके द्वारा समर्पित अधियाचना, जिसके विरूद्ध राशि का आवंटन/भुगतान लंबित है, को निरस्त मानते हुए पूर्व में भुगतान की गयी राशि का सत्यापित करते हुए अद्यतन मापीपुस्त के अनुसार पुनः नये सिरे से अधियाचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

2/4/26

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।